## खबर संक्षेप

### युवाओं में भटकाव के समाधान पर कार्यशाला आयोजित

**चांद छिंदवाड़ा:** शासकीय महाविद्यालय चांद में रेड रिबन, रासेयो और व्यक्तित्व विकास विभाग द्वारा युवाओं में भटकाव के समाधान विषय पर आयोजित अतिथि व्याख्यान में मुख्य अतिथि बतौर बोलते हुए शासकीय महाविद्यालय उमरानाला के प्राचार्य प्रो. ए. एन. के. राव ने कहा कि युवा मानसिक मजबूती अर्जित कर रील लाइफ से बाहर निकलकर रियल लाइफ की हकीकत से रूबरू होकर राष्ट्र निर्माण के कार्य करें। सभी युवाओं में विकास की अनंत संभावनाएं अंतर्निहित हैं। प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने कहा कि सफलता भटकाव नहीं, पूर्ण समर्पण मांगती है। शासकीय महाविद्यालय चौरई के प्राचार्य प्रो. मुकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता है, लक्ष्य पर फोकस होकर सतत प्रयास हमें मंजिल के करीब पहुंचाते हैं। प्रो. चंद्रशेखर उसरेठे ने कहा कि साहस, संकल्प और जुनून में अकूत शक्ति होती है, भटकाव से ऊर्जा की रचनात्मक संभावना क्षीण हो जाती है।

### व्यवसायिक सब्जी उत्पादक बनीं शिवकली दीदी

**छिन्दवाड़ा।** अगर हौसला हो तो मुश्किलें भी आसान हो जाती हैं,यह बात छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड मोहखेड़ की रहने वाली शिवकली उईके ने सच कर दिखाया है। कभी आर्थिक तंगी के चलते जीवनयापन करना भी मुश्किल था, लेकिन आज शिवकली उईके अपने आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर हर महीने 40,000 रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। उनकी सफलता की यह कहानी अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है। 42 वर्षीय शिवकली उईके, जो कि विकासखंड मोहखेड़ के ग्राम रजोला रैयत की निवासी हैं, पहले केवल गृहिणी थीं। उनकी शिक्षा दूसरी कक्षा तक ही हो पाई थी और घर की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी। परिवार का भरण-पोषण मुश्किल से हो पाता था, यहां तक कि बच्चों की पढ़ाई भी अधूरी रह गई थी।

### सूचना मिलने ही हल्का पटवारी के साथ मौके पर पहुँचे नायब तहसीलदार, 8 पेड़ समेत कुल 28 टहनियों को कब्जे में लेकर बनाई जप्ती

## दबंगई से सरकारी जमीन के पेड़ों की कटाई करवा रहा था कथित नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

पुरैना खालसा पंचायत में कथित तौर पर एक राजनीतिक दल से जुड़ा नेता सत्ता की धौस और अपनी दबंगई के लिए बीते कई दिनों से चर्चाओं में था । सरकारी जमीन पर दबंगई से पेड़ काटने के आरोप में यह युवा नेता विभाग के हत्थे चढ़ गया । पेड़ो की अवैध कटाई की शिकायत मिलते ही नायब तहसीलदार राजीव नेमा हल्का पटवारी मौके पर पहुँचे। विभाग की कार्यवाही में पेड़ो की कटाई करने वाला विकास आम्रवंशी उर्फ विक्की बताया गया है । एक राजनीतिक दल के लिए बूथ की जिम्मेदारी सम्हालने वाले विकास आम्रवंशी उर्फ विक्की पर आरोप



है कि वह पुरैना खालसा के 5 नबंर बस्ती में सरकारी जमीन पर लगे पेड़ों की बगैर किसी तरह की अनुमति के कटाई कर रहा था । क्षेत्र के लोगो ने इसकी सूचना नायब तहसीलदार राजीव नेम को दी ।सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार राजीव नेमा हल्का पटवारी शुभम पाटीदार ,और शत्रुघ्न सिंह के साथ मौके पर पहुँचे ।उन्होंने बताया कि यहाँ पहुँचने पर अमले को ताजे कटे हुए पेड़ और टहनियां मिली । उन्होंने कटे हुए पेड़ो समेत काटी हुई टहनियों की कुल संख्या अट्ठाइस बताई है ।जिन्हें राजस्व अमले ने अपने कब्जे में लेकर इनका सुपुर्दनामा ग्राम सरपंच को दे दिया है ।विक्की का नाम इलाके में रेत के अवैध कारोबार में भी आते रहा है ।

**इन्होंने कहना है**

शिकायत मिली थी कि पुरैना के मोहल्ला 5 नम्बर में वृक्षो की अवैध कटाई हो रही है । मौके पर पहुँचने पर देखा तो आठ वृक्ष काटे जा चुके थे ।वृक्षों समेत कुल 28 कटी टहनियों की जप्ती बनाई गई है ।इन्हें फिलहाल ग्राम सरपंच के सुपुर्द किया गया है ।

**राजीव नेमा नायब तहसीलदार दमुआ**

### सिटीजन ऐप के माध्यम से भी जमा होंगे कर

## ई नगर पालिका पोर्टल हुआ 2.0 में शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नगर निगम के संपत्ति एवं जल उपभोक्ता प्रभार के डाटा सर्वर को एम पी ई नगर पालिका पोर्टल से ई नगर पालिका पोर्टल एम पी के 2.0 सर्वर में शिफ्ट किया गया है। पोर्टल के इस सर्वर में शिफ्ट होने से अब नागरिकों को ऐप के माध्यम से स्वयं संपत्ति कर एवं जल उपभोक्ता प्रभार के भुगतान की सुविधा भी मिल गई है। इसके लिए नागरिक एवं करदाता प्ले स्टोर में जाकर ₹एमपी ई नगर पालिका₹ एप्लिकेशन को डाउनलोड कर अपनी सिटीजन आईडी बना सकते है। इस आईडी के माध्यम से नागरिक आसानी से अपने संपत्ति कर एवं जल उपभोक्ता प्रभार का भुगतान कर सकते हैं। इसके साथ ही शहर के करदाता निगम द्वारा बनाए गए कुकड़ा जगत जोन कार्यालय, जीएसटी ऑफिस के सामने सेवा सदन, जगन्नाथ स्कूल के पीछे जोन कार्यालय, निगम मुख्यालय, लोनिया करबल जोन कार्यालय एवं चंदनगांव के संपत्ति कर एवं जलकर के संग्रहण काउंटर में अपने बकाया जलकर एवं संपत्ति कर का भुगतान 31 मार्च तक समाप्त के सातों दिन कर सकते है। निगमायुक्त के आदेश पर शनिवार एवं रविवार को भी निगम एवं जोन के सभी काउंटर्स खुल रहे है। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने बताया कि वर्तमान में जारी आवासीय संपत्ति कर के बिल में वर्ष 2024-25 की राशि 50 प्रतिशत छूट घटाकर लिखी गई है अतएव करदाता को बिल में लिखी राशि ही जमा करना है। इसके साथ ही इस बिल का भुगतान यदि चालू वित्तीय वर्ष में नहीं किया जाता है तो संपत्ति कर की राशि की छूट समाप्त हो होगी अर्थात अगले वर्ष में राशि 100 प्रतिशत हो जाएगी।

## पार्षद के सांकेतिक प्रदर्शन के बाद अधिकारियों ने शुरू किया काम

### लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन से अच्छे तरीके से गुलाबरा में काम करने की अपील की, वार्ड 42 में हो रही थी लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के द्वारा किए गए गड्ढों में जब वार्ड 42 के पार्षद संदीप सिंह चौहान पौधे लगाने पहुंचे तो वार्ड के कई लोग उनके समर्थन में खड़े हुए क्योंकि लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन की लापरवाहियों की कहानी अब आम हो चली है। शिकायतों के बाद भी वे सुधरने का नाम नहीं ले रहे है और सारे शहर की सड़कों को बर्बाद करके रखा है। परंतु वार्ड 42 की सड़कों को बर्बाद न होने देने के संकल्प के साथ शनिवार को पार्षद ही रोड पर आ गए। सांकेतिक प्रदर्शन के बाद जब अधिकारियों से बात की गई तो दोपहर तक ही सुधार कार्य को लेकर लक्ष्मी के कर्मचारी गुलाबरा पहुंच गए और काम प्रारंभ कर दिया और प ार्षद ने बताया कि छिंदवाड़ा में लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनीं द्वारा लापरवाही पूर्ण किये जा रहे सीवरेज कार्य से जनता बेहद परेशान है।सीवरेज के नाम पर तहस नहस किये जा रहे शहर को लेकर पिछले





कई महीनों से संबंधित अधिकारी और लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन से मांग कर रहे है काम व्यवस्थित करे और जनता को परेशानी न हो। लेकिन जनता को परेशानी होने पार्षद ने जनता की आवाज उठाने के लिए सांकेतिक प्रदर्शन किए। गुलाबरा वार्ड 42 में छोड़े गए गड्ढे को साफ कर वृक्षारोपण किया गया। दोपहर बाद लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन की टीम ने सुधार कार्य करते हुए आगे काम शुरू किया है। देखना है कि अब गुलाबरा में यह कार्य व्यवस्थित होता है या नहीं फिर किसी अगले प्रदर्शन के लिए वार्डवासियों को संघर्ष करना होगा। वैसे भी निगम के कारनामों से जनता दिनों दिन त्रस्त होती जा रही है। निगम के भ्रष्टाचार की कहानियां भी पूरे प्रदेश में कही जा रही है। ऐसे में लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन का यह सीवरेज प्रोजेक्ट पूर्णतः सफल होगा भी या नहीं इस पर संदेह तो है फिलहाल अधिकारियों के दखल के बाद पुनः कार्य शुरू हुआ है। पार्षद की सक्रियता ने एक बार फिर लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन को सक्रिय करने का सार्थक प्रयास किया है।

## रेत खनिज का अवैध परिवहन करने पर 61 हजार 250 रूपये का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत एक प्रकरण में वाहन चालक भैरव सिंह द्वारा म.प्र.खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अनुसार रेत खनिज का अवैध परिवहन करने और अवैध परिवहन का उल्लंघन प्रमाणित होने पर प्रावधान के अनुसार अनावेदक वाहन मालिक सोनू तिवारी पिता अशोक तिवारी निवासी वार्ड नंबर 1 जुझारपुर थाना गैरतगंज जिला रायसेन पर अर्थशास्ति और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की कुल शास्ति राशि की दुगुना राशि 61250 रुपए अधिरोपित की गई है। साथ ही अवैध परिवहन में संलिप्त ट्रेक्टर स्वराज कंपनी का 744 XT मॉडल जिसका क्रमांक MP49 ZA0970 को खनिज सहित राजसात किया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि प्रभारी खनिज अधिकारी छिंदवाड़ा के माध्यम से प्रस्तुत प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जुन्नारदेव के प्रतिवेदन 09 मई 2024 में अनावेदक के विरूध्द अर्थदण्ड अधिरोपित किये जाने की अनुशंसा की गई। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा उनके प्रतिवेदन 14 अक्टूबर 2023 के माध्यम से अवगत कराया गया कि थाना प्रभारी जुन्नारदेव द्वारा 06 अक्टूबर 2023 को मुखबिर पर घटना स्थल महाकाल ढाबा के पास चिकलमउ रोड में एक ट्रेक्टर नीले रंग आते दिखा, जैसे ही ट्रेक्टर के पास पहुंचे की चालक ट्रेक्टर बंद करके अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया, ट्रेक्टर स्वराज कंपनी का 744 XT मॉडल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर MP49 ZA0970 को चैक करने पर ट्रॉली में रेत भरी पाई गई, रेत के उपर बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम मचलसिंह पिता ओरम सिंह उईके निवासी जुझारपुर तहसील गैरतगंज जिला रायसेन का होना बताया एवं ट्रेक्टर मोहित तिवारी निवासी नीमढाना का होना बताया, जिसके कहने पर चालक भैरव के साथ कट्टा नदी से ट्राली में रेत भरकर लेकर आना बताया। रेत परिवहन के संबंध में पूछने पर कोई रॉयल्टी एवं दस्तावेज नहीं होना बतायें जाने पर वाहन जप्त कर पुलिस द्वारा कब्जा में लिया गया। जप्तशुदा वाहन ट्रेक्टर नंबर MP49 ZA0970 का वाहन स्वामी सोनू तिवारी पिता अशोक तिवारी निवासी वार्ड नंबर 1 जुझारपुर थाना गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. के नाम से रजिस्टर्ड होना पाया गया। प्रकरण में जप्तशुदा वाहन ट्रेक्टर स्वराज कंपनी का 744 XT मॉडल जिसका क्रमांक MP49 ZA0970 को आरोपियों द्वारा अवैध रेत परिवहन में उपयोग किये जाने पर उक्त वाहन को जप्त किया गया है।

## जागरूकता से ही कैंसर से बचाव संभवः बंटी विवेक साहू

**छिंदवाड़ा।** नारी उत्थान समिति द्वारा अंबेडकर भवन पातालेश्वर में आयोजित निःशुल्क स्तन कैंसर रोग निदान एवं जाँच शिविर में हुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि लोगों में जागरूकता की कमी होने से ही स्तन कैंसर बड़े पैमाने पर फैल रहा है। इसका ईलाज



संभव है लेकिन जब तक लोग इसके प्रति जागरूक नहीं होंगे तब तक हम इस रोग पर नियंत्रण नहीं कर पायेंगे। भाजपा सरकार द्वारा स्तन कैंसर स्तन सहित अन्य कैंसरों के मामले में काफी सर्तक है, समय-समय पर इसको लेकर शिविर और कार्यशाला आयोजित की जा रही है। छिंदवाड़ा चिकित्सालय में मेंमोग्राफी मशीन उपलब्ध है जिससे कैंसर का पता एवं ईलाज संभव है। यह मशीन आसपास के पांच छः जिलों में नहीं है। हमें इस मशीन का उपयोग करने के लिए लोगों तक इसकी जानकारी भेजनी होगी। आप लोग जिला चिकित्सालय में इस तरह के शिविर लगाकर स्तन कैंसर के मरीजों इसका लाभ दिलवाये। सांसद श्री साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के मार्गदर्शन में प्रदेशभर के अस्पतालों सहित छिंदवाड़ा जिला चिकित्सालय में 42 बीमारियों का ईलाज निःशुल्क किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा संचालित कि जा रही आयुष्मान योजना से देशभर के 62 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे है। इस योजना में लोगों का 5 लाख तक का ईलाज निःशुल्क किया जा रहा है।

## विद्यार्थियों को मिलेगा जेईई, नीट की निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग का लाभ

### प्रत्येक ब्लॉक में 5 से 7 शासकीय स्कूलों को बनाया गया है स्टडी सेंटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के विशेष प्रयासों से 26 मार्च से जेईई व नीट की निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग जिले के शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए इंदौर के एलेन कोचिंग सेंटर के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल के प्रयासों से जेईई के लिए 786 जबकि नीट की परीक्षा के लिए 1523 शासकीय विद्यार्थियों ने फॉर्म भरे हैं, ये सभी विद्यार्थी जेईई और नीट की परीक्षाएं देने के लिए उत्साहित हैं। ऐसे में कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा पहले भी जेईई और नीट की निःशुल्क अध्ययन सामग्री नोट्स जिले के सभी विद्यार्थियों को हिंदी और इंग्लिश में उपलब्ध कराए गए, जो उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री अवधूत काले के द्वारा जिले के सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों में वितरित कराए गए।

इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रतिदिन स्कूल शिक्षकों के द्वारा इन कक्षाओं का संचालन भी किया जाता रहा है, इसी तारतम्य में विद्यार्थियों की आवश्यकता को देखते हुए कलेक्टर श्री सिंह और जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल के द्वारा ऑनलाइन निःशुल्क क्लासेस की पहल की है, जो जेईई के लिए 26 से 31 मार्च तक लगातार चलेगी।

जिसके बाद नीट की परीक्षा के लिए ये निःशुल्क क्लासेस शुरू हो जाएगी। जिला कोर ग्रुप के द्वारा प्रत्येक विकासखंड में 5 से 7 शासकीय स्कूलों को मिलकर कुल 37 स्कूल इसके लिए स्टडी सेंटर विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और संख्या के अनुसार बनाए गए हैं। जहां विषय विशेषज्ञ/शिक्षकों की टीम विषयवार अध्ययन करायेगी एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन मॉक टेस्ट भी लगातार लिए जाएंगे। वही बारकोड के द्वारा सभी जिले के विद्यार्थी एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ेंगे, जहां अध्ययन सामग्री के साथ ही विशेष टॉपिक पर विशेषज्ञों के गेस्ट लेक्चर भी आयोजित किए जाएंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल के ने इन सभी तैयारियों के बाद नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रत्येक शिक्षक और विद्यार्थी से अपील की है कि निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का मॉक टेस्ट एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का लाभ अवश्य उठाएं।

सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे विद्यार्थियों को अवश्य इन कक्षाओं में सम्मिलित होने के लिये प्रेरित और उत्साहित करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी इस सराहनीय पहल और एलेन ग्रुप की निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का भी लाभ उठा सकें ।

## 12वीं के बुक कीपिंग एंड अकाउंट्स और एग्रीकल्चर विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 162 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी सतत मॉनीटरिंग कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है।

शनिवार को 86 परीक्षा केन्द्रों पर कक्षा 12वीं के बुक कीपिंग एंड अकाउंट्स और एग्रीकल्चर विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 12वीं में 2005 दर्ज विद्यार्थियों में से 1974 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 31 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे ।

जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 07 तथा विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 30 रही। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबध्द नहीं हुआ।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिये विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किये जाकर सभी 86 परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनीटरिंग की गई।

परीक्षा में पारदर्शिता रखने एवं नकल की दृष्प्रवृत्ति को रोकने के लिये कलेक्टर श्री सिंह द्वारा स्थापित प्रशासनिक अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग व जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों के दलों द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के दलों द्वारा निरीक्षण किया गया।

## सांसद ने बैठक में कार्यों की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

### बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सुविधाओं की सांसद ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आमजन के लिए बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने उन्हें बेहतर बनाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। शनिवार को पांढुरना में सांसद श्री साहू ने ज़िला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने आमजन के जनहित से जुड़े मुद्दों की बिंदुवार समीक्षा की।

खासतौर से जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य, बिजली, सड़क और जल प्रदाय तथा उद्योग एवं रोज़गार के मामलों की जानकारी लेकर उन्हें बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। वहीं नागपुर के मेसर्स छिंदवाड़ा प्लस डेव्हलपर्स लिमिटेड को सौसर तहसील में आवंटित भूमि में किसी भी उद्योग की स्थापना न होने पर सांसद श्री साहू ने नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। यह मुद्दा जिला विकास



समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा) की बैठक में छाया रहा। सांसद श्री साहू ने छिंदवाड़ा प्लस और जिला उद्योग के अधिकारियों से आगामी कुछ दिनों में तथ्यात्मक जानकारी देने के लिए कहा।

### बैलेंसिंग रिजर्वायर के निर्माण की जानकारी ली

सांसद श्री साहू ने भुली जलाशय के नाम से बन रहे बैलेंसिंग रिजर्वायर को लेकर जल संसाधन विभाग से जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि इस बांध से 26157 हेक्टेयर की सिंचाई प्रस्तावित है। इसके अलावा जिले में बन रहे रामघाट बांध से 63747 हेक्टेयर रकबे की सिंचाई होगी। सांसद श्री साहू ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जलाशय निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर अजय देव शर्मा ने भी अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। सांसद श्री साहू और अन्य जनप्रतिनिधियों ने दिशा की बैठक के पहले कक्षा 9वीं-11वीं में प्रथम आए विद्यार्थियों का सत्कार किया।

### आगामी चैत्र नवरात्रि में 1 से 3 अप्रैल तक होंगे कार्यक्रम

## महाकाली मंदिर नवनिर्माण एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा में भक्ति आराधना शक्ति का दिव्य केंद्र विगत 57 वर्षों से अधिक समय से श्री माता महाकाली के परिवार जनों संपूर्ण छिंदवाड़ा वासियों के हर्ष का विषय वर्षों से माता महाकाली जी पाटनी चौक में सर्वधर्म सदभाव हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई सर्वधर्म सदभाव के छायाचित्र से दरबार में पूजन किया जाता रहा है। स्वामी ब्रह्मनंद औघड़नाथ दादा काकदीप ढाका बंगाल के मार्गदर्शन एवम् बेलगांव होशंगाबाद के भीलट दादा के सहयोग से मंदिर का संचालन 1967 से किया जा रहा है। जिसमें सन 1968 में प्रथम चैत्र नवरात्र कलश की स्थापना की गई



थी। 1972 में मंदिर के द्वारा शतचंडी यज्ञ भी किया जा चुका है। इस वर्ष 2025 चैत्र नवरात्र में 58 वर्ष में सम्पन्न होने जा रहा है। इसके साथ ही माता महाकाली की पंचमुखी दिव्य प्रतिमा की स्थापना 1 से 3 अप्रैल को की जा रही है। जिसकी तैयारी लगभग अंतिम चरणों की और हैं। इस कार्यक्रम को मुख्य रूप सफल बनाने हेतु समिति के श्री कमल सिंह राजपूत,कृपालदास जी,शिव मालवी,गिरजेश मालवी, गणेश मालवी, शैलू मिश्रा,संजय चौरे, अनंत राय,विनय मालवी, शशिकांत साहू,जतिन अरोरा,हितेश चौरसिया,अनिल, धुर्वे,तरुण साहू,विशाल निक्की ,,राय,अमित राय,कैलास ठाकुर,दीपक मालवी,अंकुर चौकसे,दीपक शर्मा,अजय तारण, राकेश सरेठा,रक्कू गुप्ता,अक्कू गुप्ता,अभिजीत ठाकुर,संजू साहू,मोहित चौरसिया,मोहन मालवी ,आयुष पवार, पंकज सिंह राजपूत, सचिन चौरसिया ने छिंदवाड़ा वासियों को समस्त कार्यक्रमों में अपना सहयोग सम्मिलित होने की विनम्र अपील की है।

श्री जय जय माता महाकाली जी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति का भव्य नगर आगमन हुआ। श्री माता महाकाली जी की दिव्य पंचमुखी प्रतिमा का आज शनिवार को दोपहर 2 बजे से भव्य आगवानी कार्यक्रम को रखा गया था जिसमें नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए। माता महाकाली जी को नगर शक्ति पीठ श्री बड़ी माता मंदिर , छोटी माता मंदिर , संतोषी माता मंदिर , शैलपुत्री माता मंदिर दरबार से होते हुए। जिसमें समस्त नागरिक बंधुजन भक्तगण के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्वागत वंदन पुष्प अर्पण पूजन भी किया गया। जिसमें माता महाकाली जी नगर भ्रमण करते हुए। स्थानीय पाटनी चौक मंदिर प्रांगण में पहुंची।

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आगमन को लेकर प्रशासन मंदिर कमेटी ने बनाई व्यवस्थाएं

# हनुमान लोक जामसांवली में आज होगा मुख्यमंत्री का आगमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

रविवार को सुविख्यात चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामंसावली में प्रदेश के मुखीया डॉ मोहन यादव द्वारा पहुचकर पुजा अर्चना एवं अभिषेक करेगे, मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 1 बजें जामंसावली हनुमान मंदिर पहुच रहे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आगमन की खबर मिलते ही शनिवार को कलेक्टर अजय देव शर्मा, पुलिस कप्तान सुंदर सिह कनेष अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी सहित प्रशासनिक अमले ने मंदिर परिसर में पहुचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों द्वारा आयोजन की तैयारियों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को प्रोटोकाल के साथ सम्पन्न कराने हेतू प्रषासनिक अधिकारियों द्वारा भी आवष्यक सुझाव दिये। मंदिर कमेटी अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि, बिते दिवस मंदिर संस्थान के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेट करके जामसांवली मंदिर आने का निवेदन किया था। जिसे मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा सहर्ष स्वीकार किया गया।

रविवार को डॉ मोहन यादव प्रथम बार जामसांवली हनुमान मंदिर हनुमान लोक पहुच रहे हैं।

कार्यक्रम की तैयारियॉ अंतिम रूप ले रही है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। मंदिर कमेटी के सचिव टीकाराम कारोकार सहित सदस्यों द्वारा क्षेत्रिय श्रद्धालूओं से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है। उल्लेखनीय हो कि, गत 24 अगस्त 2023 को प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान द्वारा विधानसभा के पटल पर सुविख्यात जामसांवली हनुमान मंदिर को हनुमान लोक बनाये जाने की घोषणा की गई थी। जिसके आधार पर प्रथम फेज में राषि स्वीकृत करते हुये निर्माण कार्य प्रांरभ कराया गया था। वर्तमान में मंदिर में हनुमान लोक का कार्य प्रगतिरत है।

इनका कहना है गोपाल शर्मा अध्यक्ष मंदिर कमेटीजामसांवली हनुमान मंदिर लाखों करोडों श्रद्धालूओं के भक्ति और आस्था का केन्द्र है, गत दिवस हमारे द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री से भेट कर मंदिर आने का निमत्रंण दिया था। ताकि, मंदिर के विकास कार्यो को गति प्रदान हो सके।

# सांसद एवं कलेक्टर के नेतृत्व में हुई दिशा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज यहां कलेक्टर सभाकक्ष में जिला विकास समिति एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई जिसमें पांढुर्ना जिले के अनेक विकास संबंधी योजनाओं की समीक्षा करते हुए क्षेत्रीय सांसद बंटी साहू तथा कलेक्टर अजय देव शर्मा ने उपयुक्त निर्देश दिए।
इस बैठक में जिले में 24219 हेक्टर शासकीय भूमि मौजूद होने की मृद्दा रखा गया जिसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है।1376 हेक्टर शासकीय भूमि पर सागौन के पेड कम पाए जाने की शिकायत पर जल्द जांच करने की बात सामने आयी। सांसद बंटी साहू ने उद्योग के लिए उपयुक्त भूमि पर जल्द उद्योग शुरू किए जाने की दिशा में पहल करने के निर्देश दिए। सांसद महोदय ने रामघाट में पंप हाउस का कार्य आरंभ कर पांढुर्ना बैलेसिंग परियोजना कार्य में प्रगति लाने कहा गया। इ स के अलावा बैठक में जिले के वरिष्ठ अधिकारीण मौजूद रहे जिन्होंने अपनी समस्याएं एवं वर्तमान योजनाओं के बारे में जानकारी प्रस्तुत की।

# अपार आईडी एवं स्वच्छता को लेकर बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज कलेक्टर के निर्देशानुसार अपार आईडी एवं स्वच्छता के संबंध में शिक्षा विभाग की बैठक आहुत की गयी। बैठक में अपार की प्रगती के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई। अपार में जिन स्कुलों ने अच्छे कार्य किये उनसे अनुभव साझा करने के लिये कहा गया 1 शिक्षा विभाग की ओर से राजेश हांडे, मोरेश्वर ब्रम्हे एवं नरेन्द्र बांबल द्वारा अपार में प्रगती कैसे लाए, इस पर मार्ग दर्शन किया गया।नगरपालिका परिषद पांढुर्णा की ओर से सोनू सकवार सहायक यंत्री ने स्वच्छता में नगर को अच्छे स्तर व स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अच्छी रैंक लाने हेतू सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

## बिछुआ महाविद्यालय के छात्रों ने किया भौगोलिक भ्रमण

**बिछुआ।** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के भूगोल विभाग द्वारा दिनांक 18 मार्च 2025 दिन मंगलवार को बीए तृतीय वर्ष एवं एम ए फाइनल के छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक एवं दार्शनिक स्थल कुंवारा भीमसेन डैम तथा रामटेक का भौगोलिक भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ.आर पी यादव तथा डॉ.शाहिदा बेगम मंसूरी श्री राम प्रकाश डेहरिया,श्री रघुवीर उईके तथा श्री दुजारी बोसम सहायक प्राध्यापक भूगोल के मार्गदर्शन में भौगोलिक भ्रमण संपन्न हुआ। इस भौगोलिक भ्रमण के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने भौगोलिक सांस्कृतिक एवं आर्थिक परिदृश्य को जाना भौगोलिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने क्षेत्र का सर्वे किया तथा स्थानीय निवासियों से साक्षात्कार द्वारा जानकारी अर्जित की। भौगोलिक भ्रमण को सफल बनाने में डॉ.शशि उईके,श्री मनीष पटेल डॉ.नीरज खंडागले तथा राम सोनी का विशेष सहयोग रहा।




## जनप्रतिनिधियों ने कन्या छात्रावास बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए किया नाप झोंक

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में शान द्वारा लगभग 5 वर्ष से भी अधिक समय पूर्व दो 50-50 सीटर कन्या छात्रावास का निर्माण कार्य कराया गया था किंतु सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीबॉल ना होने के कारण कन्या छात्रावास प्रारंभ नहीं हो पाया है। छात्रावास प्रारंभ किए जाने को लेकर जिला सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा जनपद पंचायत सीईओ को बाउंड्री वॉल निर्माण संबंधी बात कही गई थी जिसके बाद जनपद सीईओ द्वारा ग्राम पंचायत दातालाबादी में स्थित महाविद्यालय की बाउंड्री वॉल के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए थे जिसके बाद सरपंच सहित ग्राम के जनप्रतिनिधियों द्वारा महाविद्यालय पहुंचकर बाउंड्री वालों की नाप झोक की है। बाउंड्री वॉल निर्माण के उपरांत महाविद्यालय के कन्या छात्रावास का विधिवत संचालन सुचारु हो सकेगा।

## कन्हान क्षेत्र में नए महाप्रबंधक की नियुक्ति हेतु लिखा पत्र

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव कन्हान क्षेत्र में बंद होती खदानों को संजीवनी मिल चुकी है आगामी दिनों में दो कन्हान क्षेत्र में संचालित होती नजर आएगी। विगत दिनों में वेकोली द्वारा कान्हा क्षेत्र के स्टाफ सहित महाप्रबंधक का ट्रांसफर अन्यत्र क्षेत्र में कर दिया गया था जिसके बाद वर्तमान में महाप्रबंधक की नियुक्ति के लिए कान्हा बचाओ मंच के द्वारा पत्र लिखकर नए महाप्रबंधक की नियुक्ति किए जाने की मांग की गई है।पत्र में कन्हान बचाओ मंच द्वारा उल्लेख किया गया है कि हाल ही में, दो कोयला खदानों को प्राथमिक चरण की स्वीकृति मिली है, जो इस क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। लेकिन, इन खदानों को चालू करने और क्षेत्र के अन्य बंद खदानों को पुनः सक्रिय करने के लिए एक सक्षम नेतृत्व की आवश्यकता है जिसको दृष्टिगत रखते हुए कन्हान क्षेत्र के लिए एक नए महाप्रबंधक की नियुक्ति की जाए, जो इस क्षेत्र के विकास को नई दिशा दे सके और बंद खदानों को जल्द से जल्द चालू करने के लिए आवश्यक कदम उठा सके।

# पर्यावरण चेतना आधारित तामिया कॉलेज में कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

पर्यावरण चेतना और भौगोलिक असंतुलन के दृष्टिगोचर शासकीय महाविद्यालय तामिया में 22 मार्च को विश्व गौरैया दिवस , विश्व वानिकी दिवस एवम विश्व जल दिवस की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्रो विजय सिंह सिरसाम भूगोल विभाग ने विश्व वानिकी दिवस के संबंध में कहा कि वैश्विक नियमानुसार प्रत्येक भौगोलिक क्षेत्र के 33% भाग वन आच्छादित होने चाहिए लेकिन हमारे आस पास के जिलों को देखा जाए तो सतपुड़ा पठार के दक्षिणी जिलों को छोड़कर सभी जिलों में वनो का प्रतिशत कम है। प्रत्येक जीवो को स्वशन के लिए शुद्ध ऑक्सीजन चाहिए। यदि मानव ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो वो दिन दूर नही जब हर घर में ऑक्सीजन सिलेंडर दिखाई देंगे। डॉ प्रशांत डहाते सहायक प्राध्यापक पी एम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बालाघाट ने विश्व जल दिवस पर वक्तव्य में कहा कि जल जीवन का एक अभिन्न अंग है। विश्व के सभी सभ्यताएं जल संसाधन के किनारे ही उत्पन्न हुए है। हड्डप्पा सभ्यता , दजला फरात सभ्यता , मिश्र की सभ्यता इसके उदाहरण है। विश्व में भले ही जल का प्रतिशत 71 है लेकिन पीने योग्य जल 1 प्रतिशत से भी कम है। आज हम सभी जल संसाधनों स्त्रोतों को दूषित कर रहे है उसे सफाई करने की आवश्यकता है। श्री पवन श्रीवास्तव ने विश्व गौरेया दिवस पर कहा कि यह जीव प्रकृति के सबसे छोटे जीवो में से एक है जहां हमारे पूर्वज इन जीवो को आसानी से अपने घर खेत खलिहानों में देखते थे आज की पीढ़ी के लिए इन्हें देखना इतना सरल कार्य नही रह गया है। प्राचार्य डॉ मालती बनारसे ने कहा की गौरैया पर इतनी कविताएं कहानी लिखे जा चुके है आज के युवा इस पक्षियों को संरक्षित करने हेतु आगे आए । प्रो निरंजन सिंह राजपूत ने गौरैया के ऊपर एक कविता वाचन कर उन्हे बचाने के लिए विद्यार्थियों से आग्रह किया।

## शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में विश्व जल दिवस पर बच्चों ने बनाए पोस्टर जल संरक्षण का दिया संदेश

**वारासिवनी।** वारासिवनी विकासखंड अन्तर्गत शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में 22 मार्च 2025 को विश्व जल दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने जल दिवस पर जल संरक्षण हेतु पोस्टर बनाकर जल है तो कल है का संदेश दिया। इस मौके पर शिक्षक धन्नालाल बिसेन ने बच्चों को संबोधित करते हुए जल की महत्ता, जल संरक्षण हेतु उपाय और जल संरक्षण हेतु हर स्तर पर प्रयास करने की आवश्यकता की बात कही। यदि हम आज से जल संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं हुए, तो आगामी समय में हमें जल संकट का सामना करना पड़ेगा। हमें हर स्तर पर जल का संरक्षण करना चाहिए। इस अवसर पर शाला प्रमुख सविता रिनायत, शिक्षक धन्नालाल बिसेन, आरती बिसेन और स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिविरार्थियों ने प्रभात फेरी व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दे रहे जागरूकता का संदेश




**वा रा सि व नी ।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार व रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ट के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय मुरझड़ फार्म बालाघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर में शिविरार्थियो द्वारा प्रत्येक दिन अलग-अलग विषय जैसे-बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, एच.आई. वी. एड्स व मतदान आदि पर जागरूकता रैली व नुक्कड़. नाटक के माध्यम से ग्राम पंचायत मदनपुर के ग्रामीणजनों के मध्य जागरूकता की अलख जगाने का प्रयत्न कर रहे हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना के क्रार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भलावे ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी शिविर के स्वयंसेवकों द्वारा प्रातःकाल योग अभ्यास व ग्राम-भ्रमण किया जाता है व ग्राम में फैले अविश्वास, भ्रम व ज्वलंत मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणजनों को जानकारी दी जाती है।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एन. के. बिसेन ने कहा कि राष्ट्रीय शिविर सभी छात्र-छात्राओं के अंदर व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व की भावना उत्पन्न करता हैं। कार्यक्रम में डॉ. राजू पानसे सहायक प्राध्यापक द्वारा प्रतिदिन योग अभ्यास व लक्ष्यों को प्राप्ति हेतु सभी छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित कर रहे है। संपूर्ण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती प्रीति झिल्पे, संजय झिल्पे व सभी ग्रामीणजनों का विशेष संरक्षण व योगदान रहता है।

## केसीसी से मिलता है आधुनिक कृषि को बढ़ावा

# कलेक्टर मीना ने जिले के किसानों से की केसीसी बनाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार जिले में किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत छोटे और सीमांत किसानों के लिए वित्तीय सहारा एवं बैंकों से कम ब्याज पर बीज, खाद, उपकरण और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक से अधिक किसानों को क्रेडिट कार्ड बनाने की अपील की गई है। केसीसी न केवल उनकी निर्भरता को साहूकारों से कम करता है, बल्कि आधुनिक खेती को बढ़ावा देता है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना आज भी खेती-किसानी का एक अहम हिस्सा बनी हुई है। यह योजना न केवल किसानों को सस्ता और आसान ऋण उपलब्ध कराती है, बल्कि उनकी उत्पादकता बढ़ाने में भी मदद करती है। किसान कल्याण एवं कृषि उप संचालक श्री राजेश खोबरागड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड आवेदन के लिए जमीन मालिक, किरायेदार या बटाईदार किसान इसके लिए पात्र है। आधार कार्ड, जमीन के कागजात, पासपोर्ट फोटो और बैंक पासबुक जरूरी। नजदीकी सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंक में फॉर्म भरे और दस्तावेज जमा करे। कई बैंक और पीएम किसान पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है। स्वीकृति के बाद बैंक 3-5 लाख तक की ऋण सीमा तय करता है और कार्ड जारी करता है। पीएम किसान के माध्यम से किसान अपना किसान क्रेडिट कार्ड बना सकता है। केसीसी के जरिए किसानों को बैंकों से कम ब्याज पर ऋण मिलता है, जिससे वे बीज, खाद, उपकरण और अन्य जरूरतों को पूरा कर सकते है। किसान क्रेडिट कार्ड बनाने से ब्याज में छूट 3 प्रतिशत तक की सब्सिडी से ब्याज 4 प्रतिशत तक कम हो जाता है। ऋण सीमा बढ़ोतरी समय पर भुगतान से बैंक अगले साल ज्यादा ऋण दे सकते हैं। क्रेडिट स्कोर बेहतर भविष्य में बड़े ऋण लेने में आसानी। जुर्माने से बचाव देरी से होने वाले अतिरिक्त शुल्क से राहत। मानसिक सुकून कर्ज के बोड़ा से मुक्ति। उदाहरण के तौर पर, 1 लाख रुपये के ऋण पर समय पर भुगतान से किसान 3,000 रुपये तक की बचत कर सकता है। किसान क्रेडिट कार्ड किसानों के लिए एक शक्तिशाली हथियार है, बशर्ते इसका सही इस्तेमाल और समय पर भुगतान किया जाए।

# विश्व जल दिवस के अवसर पर सोन नदी पर किया गया बोरी बंधान



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, राजभुषण सोशल संस्था भुवा एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र/छात्राओं व स्टाफ द्वारा सोन नदी पर बोरी बंधान किया गया। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिनेश चोरनेले के द्वारा दी गई, जिसमें बताया गया कि गर्मी के दिनों में जल स्तर के गिर जाने से हेंडपम्प , कुआं ,तालाब आदि जल स्त्रोत से शुद्ध एवं पर्याप्त पेय जल नहीं मिल पाता, पशु एवं पक्षियों के लिए भी पानी की उपलब्धता नहीं हो पाती है जिससे मानव के साथ साथ पशु पक्षियों का भी जीवन प्रभावित होता है। इसी दृष्टिकोण से विश्व जल दिवस के अवसर पर ग्राम-भुवा, विण्ख०-किरनापुर के सोनी नदी पर 200बोरियो में रेत भरकर बोरी बंधान किया गया।बोरी बंधान कार्य म.प्र.जन अभियान परिषद, राजभुषण सोशल संस्था भुवा के सदध्य एवं मुख्यनमंत्री सामुदायिक नेतृत्त्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्राओं द्धारा किया गया।, जिसमें जन अभियान परिषद की वि. ख. समन्वयक श्रीमति रुचिका वैश, राज भुषण सोशल संस्था ,सचिव - दिनेश चोरनेले, अध्यक्ष -आशा टोडरे, दिप ज्योति महिला संघ वन्दना मेश्राम (सदस्य), मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता जगदीश पाँचे, अनिल बोपचे, राजकुमार टांडेकर, जितेन्द्र मातरे, छात्र क्रमशः ईरफान अली, पंकज चौधरी, दीपक बिसेन, रजनीबाला पारधी, निखिल मेश्राम ,सतिश चौधरी, ज्योति झगराहे, ग्राम मुवा से तरपंच प्रतिनिधि शेषराम पांचे, सचिव - दिलीप पटले, सहायक सचिव निर्मला पांचे, महेश बोहरे (मेंट), कपुरचंद पाँचे, रमेश कुथे एवं अन्य ग्रामीण की सहभागिता रही।

# मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित हुई जल संरक्षण पर संगोष्ठी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज लांजी।



विश्व जल दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती रुचिका वेश के दिशानिर्देश में लांजी मुख्यालय में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था स्पोर्ट एंड स्काउट गाइड ऑर्गेनाइजेशन एवं यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण समिति लांजी के द्वारा संयुक्त तत्वधान में विकासखंड स्तरीय जल संरक्षण संगोष्ठी कार्यशाला का आयोजन यूनिवर्सल कंप्यूटर लांजी में किया गया उक्त संगोष्ठी कार्यशाला में की जल बचाने पहल करते हुए प्रकृति के जीवनदायक अमूल्य उपहार 'जल' की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने हेतु संकल्पित हों।

म.प्र. जन अभियान परिषद लांजी द्वारा विश्व जल दिवस पर शपथ संगोष्टी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित मुख्य वक्ता रमेश आसटकर एवं अन्य अतिथियों द्वारा आव्हान किया गया कि हम शपथ लें कि न सिर्फ पानी बचाएंगे बल्कि दूसरों को जागरुक भी करेंगे, क्योंकि बिन पानी सब सून है आज भी भारत के कुछ इलाके ऐसे हैं जहां लोग पानी की कमी के कारण बेहद कष्टप्रद जीवन जी रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पानी का दुरुपयोग किया जा रहा है। पानी को बचाएं क्योंकि जल है तो जीवन है। पानी कोई ऐसी वस्तु नहीं है, जिसका व्यापार किया जाए – यह जीवनदायी पदार्थ है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह हर इंसान को उपलब्ध हो। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्रा परामर्शदाता संदीप कुमार रामटेक्कर, ज्योति शकरपुडे, अशोक घरते एवं विकास प्रस्फुटन समिति,नवांकुर संस्था ग्राम विकाश प्रस्फुटन समिति सावरी से मुनेश पटले व स्वैच्छिक संगठनो की भूमिका रही।

## परिजनों का आरोप गांव के ही एक व्यक्ति की प्रताड़ना से तंग आकर दी जान

# सुकड़ीघाट में 16 वर्षीय बालक ने की आत्महत्या



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** विधानसभा क्षेत्र कटंगी के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुकड़ीघाट में एक 16 वर्षीय बालक सक्षम चौधरी ने मंगलवार 18 मार्च को कुंए से पानी निकालने वाली राड़ में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की है. मृत बालक के परिजनों ने गांव के ही श्याम किशोर बिसेन की प्रताड़ना से तंग आकर बालक के द्वारा आत्महत्या किए जाने का आरोप लगाया है. गुरूवार को मृतक के पिता राजकुमार चौधरी और माता दिस्पलता चौधरी सहित परिजनों ने यह आरोप लगाया है. पूरा मामला बालक पर दुकान से 15 सौ रुपए की नकदी रकम की कथित चोरी के आरोप और उसके बाद आत्महत्या से जुड़ा हुआ है. मृत बालक के पिता ने बताया कि श्याम किशोर बिसेन के साथ उनकी रंजिश थी. इसी रंजिश के चलते उनके बेटे पर चोरी का झूठा आरोप लगाया गया. जिसे बेटा बर्दास्त नहीं कर पाया और उसने आत्महत्या कर ली. उन्होंने बताया कि श्याम किशोर बिसेन के साथ वह साझे में खेती करते थे और उसकी पावती में धान बेची थी. इसके हिसाब-किताब में श्याम किशोर ने गड़बड़ी की थी. जिसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी. इसी कहासुनी का श्याम किशोर बिसेन बदला लेना चाहता था लेकिन जब पिता को कुछ नहीं कर पाया तो बेटे पर चोरी का झूठा आरोप लगा दिया. यह आरोप बेटा सहन नहीं कर पाया और उसने मंगलवार को आत्महत्या कर ली. इस पूरे मामले में जब श्याम किशोर का पक्ष जानने के लिए उनें घर पहुंचकर संपर्क किया गया तो उनकी पत्नी और पुत्री ने बताया कि वह घर पर मौजूद नहीं है. किसी कार्य से कटंगी गए हुए है जिसके बाद उनके दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कटंगी में होना बताया. कटंगी में जब श्याम किशोर से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका फोन बंद आ रहा था. इस पूरे मामले में रामपायली पुलिस थाना से घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी नरेन्द्र सिंह ठाकुर से प्रतिक्रिया ली तो उन्होंने बताया गया कि मर्ग कायम कर जांच विवेचना की जा रही है।

**यह है घटनाक्रमः** ग्रामीणों और मृत बालक सक्षम चौधरी के पिता राजकुमार चौधरी के अनुसार रविवार की दोपहर सक्षम अपने बड़े पिता के घर की तरफ गया हुआ था जो दोपहर में करीब 01 बजे के आस-पास श्याम किशोर बिसेन की दुकान में सामान (पेप्सी या कुल्फी) खरीदने के लिए गया. जिसके बाद सक्षम पर श्याम किशोर ने गल्ले से रुपए चोरी करने का आरोप लगाया और उसके जेब से 15 सौ रुपए निकाल लिए और 3-4 थप्पड़ भी जड़ दिए. बालक ने अपने साथ हुई इस घटना की जानकारी शाम को मजदूरी कर घर लौटे माता-पिता को दी. इसके दो दिन बार जैसा कि परिजनों ने बताया कि मंगलवार की सुबह सक्षम खेत की तरफ भैंस चराने के लिए गया जो दोपहर को घर लौटा और फिर खेत गया. जिसके बाद शाम को फांसी के फंदे पर लटका उसका शव मिला. सक्षम के बड़े पिता बताते है कि जब सक्षम दोपहर में खेत की तरफ जा रहा था तब श्याम किशोर बिसेन ने रविवार को हुई घटना को लेकर सक्षम को कुछ कहा था. इसी बात का सदमा सक्षम बर्दाशत नहीं कर पाया और उसने आत्महत्या कर ली।

**सक्षम के पास कहां से आए 15 सौ रुपएः** जैसे कि यह पूरा विवाद चोरी के आरोप से जुड़ा हुआ है. सक्षम पर श्याम किशोर बिसेन ने चोरी का आरोप लगाया और सक्षम के जेब से 15 सौ रुपए निकाले. यह रकम सक्षम के पास कहां से आई जब इस बारे में उनके पिता से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उनके भाई के साले ने सक्षम को कबूतर खरीदने के लिए यह पैसे दिए थे. यह पैसा भी श्याम किशोर बिसेन ने सक्षम से छीन लिए थे. खैर, सक्षम ने आत्महत्या क्यों की है यह एक गुत्थी है।

## इनका कहना है

मर्ग कायम कर जांच विवेचना की जा रही है. परिजनों के बयान दर्ज किए गए है उन्होंने गांव के एक व्यक्ति पर बच्चे को प्रताड़ति करने का आरोप लगाया है लेकिन जांच के बाद ही सबकुछ स्पष्ट होगा।

**नरेन्द्र सिंह ठाकुर, विवेचना अधिकारी**

## खबर संक्षेप

### हत्या के प्रयास में चौथा आरोपी अतुल रैकवार को भेजा गया जेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 17/03/2025 को रात सूचना मिली कि गणेश चौक के पास मयूर दुबे अपने साथियों के साथ मिलकर सूरज जंघेला के साथ लड़ाई झगड़ा कर रहा है जो सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी एवं स्टाफ के व्दारा मौके पर पहुँचे जो घटना स्थल पर सूरज जंघेला घायल अवस्था में मयूर दुबे के घर के सामने पड़ा हुआ था जिसे तुरंत जिला चिकित्सालय उपचार हेतु भिजवाया गया बाद घायल से पूछताछ उपरांत पता चला कि पुराने झगड़े को लेकर मयूर दुबे ने अपने साथी जितेन्द्र बघेल, मयंक दुबे एवं अतुल रैकवार के साथ मिलकर घायल सूरज जंघेला को घर के सामने रोड पर रोककर वाद विवाद किये एवं तलवार चाकू तथा बेसबाल के डंडे से मारपीट कर घायल किये है जो मौके पर आरोपियों के विरुध्द अपराध धारा 109(1), 126(2), 296, 115(2), 118(1), 351 (2),3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया था। दिनांक 18/03/25 को आरोपी मयूर दुबे, मयंक दुबे एवं जितेन्द्र बघेल को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था चौथा आरोपी अतुल रैकवार को दिनांक 21/03/25 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जिसे जेल भेज दिया गया। नाम आरोपी- अतुल रैकवार पिता मुन्नालाल रैकवार उम्र 31 साल निवासी मिशन स्कूल के पीछे केवटी वार्ड सिवनी (गिरफ्तार) नोट - आरोपी अतुल रैकवार के विरुध्द पूर्व में मारपीट सहित कुल 03 अपराध पंजीबध्द है। विशेष भूमिका निरी. सतीश तिवारी, स.उ.नि. दिनेश रघुवंशी व थाना कोतवाली स्टाफ।

### डुण्डासिवनी की कार्यवाहीः कत्लखाने जा रहे 4 गौवंश को तस्करों से करवाया मुक्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 21-22/03/25 की दरम्यानी रात थाना डूण्डासिवनी को जरिये मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 22जी3848 द्वारा अवैध रूप से गौवंश का परिवहन किया जा रहा है थाना डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा नगझर बायपास में चैकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 22जी3848 जिस पर हरे रंग का नेट लगी दिखी जिसे हमराह स्टाफ की मदद से रोकने का प्रयास किया गया जो पिकअप वाहन का चालक पिकअप को न रोकते हुए चीचबंद, साल्हे, बम्होडी की ओर भागा जिसका पीछा स्टाफ व्दारा किया गया जो पिकअप का चालक अंधेरा का फायदा उठाकर पिकअप को साल्हे रोड बम्होडी चौक में पिकअप खडा करके भाग गया। पिकअप की तलाशी लेने पर पिकअप के अंदर 04 नग मवेशी (गौवंश) एवं एक हीरो होंडा कम्पनी की लाल मो.सा. जिसका नं. ष्ट्र-07-रुस्न-8236 रखी होना पाया गया। जिन्हे मौके की कार्यवाही करते हुये गौवंश को गौशाला में सुरक्षित करवाया, जप्तशुदा पिकअप वाहन एवं मो.सा. थाना परिसर सुरक्षार्थ खडा करवाया तथा आरोपी अज्ञात के विरूध्द गौवंश वध प्रति.अधि. धारा 4,6/9म.प्र. गौवंश वध प्रति. अधि.2004, 6,7,10 म.प्र. कृषक पशु परि.अधि., 11(1) (घ) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधि. के तहत अपराध पंजीबध्द कर सुसंगत धाराओं के तहत विधिवत धाराओं में विवेचना में लिया गया है।

### कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े 6 सटोरी एवं 9 जुआरी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 21/03/2025 को कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों एवं सटोरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग नील गिरी हनुमान मंदिर, अमन होटल के पास 06 सटोरियों एवं 19 जुआरियों को धर दबोचा। मुखचिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि शंकर मड़िया एवं पुरानी सब्जी मंडी के पास कुछ लोग तास के पत्तों पर रुपये-पैसे का दाब लगाकर हार जीत का खेल खेल रहे हैं जो थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी द्वारा टीम गठित कर अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर दबिश देकर रेड कार्यवाही की गई। जिसमें 09 जुआरियों को पकडने में सफलता प्राप्त हुई। जिनके विरूध्य 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 03 अपराध कायम कर विवेचना में लिया।

# भ्रष्टाचार का खुला खेलः वेयर हाउस में अवैध धान तुलाई, अधिकारियों की मिलीभगत से सीएम हेल्पलाइन कार्रवाई नहीं हुई, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण

## किसानों के साथ धोखा, लाइसेंस रद्द करो, दोषियों को दंडित करो

**हरिभूमि न्यूज/लखनादौनः** खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग मप्र - मोहगाँव धूमा के शिवहरे वेयरहाउस में किसानों के धान की अवैध तुलाई के मामले में प्रशासन की सुस्ती ने किसानों के गुस्से को और बढ़ा दिया है। 9 जनवरी 2025 को हुई इस अवैध तुलाई की शिकायत के बावजूद, आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे भ्रष्टाचारियों को संरक्षण मिलने का आरोप लग रहा है।

### अवैध तुलाई का चौंकाने वाला खुलासा

लखनादौन के मोहगाँव में स्थित शिवहरे वेयरहाउस में किसानों के धान की अवैध तुलाई का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। 9 जनवरी 2025 को हुई तुलाई में निर्धारित वजन से 800 ग्राम से 1 किलोग्राम तक अतिरिक्त धान तौला गया, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ।

### अधिकारियों की मिलीभगत और लाइसेंस रद्द करने की मांग

किसानों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत को बिना जांच के बंद कर दिया गया, जिससे प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं। किसानों के पास अवैध तुलाई के वीडियो और फोटो जैसे पुख्ता सबूत होने के बावजूद, जिला खाद्यान्न अधिकारी, खरीदी केंद्र के नोडल प्रभारी और संचालक की मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। किसानों ने इन सभी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और वेयरहाउस के लाइसेंस को तत्काल रद्द करने की मांग उठाई है।



### किसानों का आक्रोश और न्याय की पुकार

किसानों का कहना है कि उन्हें न्याय मिलना चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### सरकार की जवाबदेही

सरकार को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करके दोषियों को दंडित करना चाहिए। यह किसानों के हितों की रक्षा करने और भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत संदेश देने का समय है।

### नियमों की खुली अवहेलना

9 जनवरी 2025 को शिवहरे वेयरहाउस में किसानों के धान की तुलाई के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। किसानों ने बताया कि प्रत्येक बोरी में निर्धारित वजन से 800 ग्राम से 1 किलोग्राम तक अतिरिक्त धान तौला गया। कुछ बोरियों का वजन 40.800 किलोग्राम और कुछ का 41.00 किलोग्राम तक पाया गया, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

### शिकायत पर कार्रवाई में देरी क्यों?

12 जनवरी 2025 को शिकायत क्रमांक 30523150 के तहत शिकायत दर्ज की गई थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सीएम 181 पर शिकायत को बिना किसी ठोस कार्रवाई के बंद कर दिया गया, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने पुनः शिकायत दर्ज कराई है।

### कानूनी कार्रवाई की मांग

किसानों ने जिला प्रशासन से इस मामले की गहन जांच कराने और दोषी वेयरहाउस के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि कोई वेयरहाउस निर्धारित वजन से अधिक धान तौलता है, तो यह कानून का उल्लंघन है और इसके लिए दोषी को दंडित किया जाना चाहिए।

### नुकसान की भरपाई और भविष्य में रोकथाम की मांग

*किसानों ने बताया कि अतिरिक्त धान तौलने से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि इससे उनकी फसल की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। किसानों ने नुकसान की भरपाई की मांग की है। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की भी मांग की है।*

### अतिरिक्त धान तुलाई के प्रमाण

*किसानों ने बताया कि उनके पास अतिरिक्त धान तुलाई के वीडियो और फोटो जैसे पुख्ता सबूत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ बोरियों का वजन 40.800 किलोग्राम और कुछ का 41.00 किलोग्राम तक पाया गया, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।*

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर सवालः

*किसानों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज होने के बावजूद, कोई कार्रवाई नहीं हुई और शिकायत को बिना जांच के बंद कर दिया गया।*

### किसानों का आंदोलन की चेतावनी

*किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि वे अपने अधिकारों के लिए हर संभव लड़ाई लड़ेंगे।*

## तिलहन संघ की प्रति नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री उप मुख्यमंत्री के समक्ष रजनीश ने रखी अपनी बात

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

मध्य प्रदेश राज्य तिलहन संघ के प्रति नियुक्ति विभाग के कार्य मुक्त हुये संबिलियन पर कार्य भार ग्रहण करने के उपरांत किन किन सेवायुक्तों द्वारा विभाग में एलपीसी प्रस्तुत की गई थी? संबिलियन नीति के अनुसार वेतन गणना वेतन निर्धारण हेतु एलपीसी प्राप्ति के लिये क्या परिसमापक तिलहन को लेख किया गया था इस संबध में विधान सभा में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा के समक्ष केवलारी विधायक ने प्रश्न रखा जिसका जबाव देते हुये उन्होंने कहा कि, मध्य प्रदेश राज्य तिलहन संघ के प्रतिनियुक्ति विभाग के कार्यमुक्त हुये संबिलियन पर कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत निम्नलिखित एक सेवायुक्त द्वारा मध्य प्रदेश वाणिज्य कर अपील बोर्ड में एलपीसी प्रस्तुत की गई थी सुशील कुमार जैन सहायक रजिस्टार विजय वर्मा की सेवा निवृत्ति के पूर्व कोष एवं लेखा संभाग उज्जैन में वेतन निर्धारण अनुमोदन हेतु प्रकरण प्रस्तुत करने पर कोष एवं लेखा संभाग उज्जैन द्वारा आपत्ति ली जाने पर परीसमापक तिलहन संघ को अंतिम वेतन प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु पत्र लिखा गया।

इसी तारतम्य में ठा. रजनीश सिंह ने कहा कि, तिलहन संघ से सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ सेवा युक्तों को पांचवा वेतनमान का लाभ देने के मामले में पात्र व अपात्र श्रेणीकरण की जानकारी दी गई है। यदि हाँ तो आधार बतायें ? इसका जबाव देते हुये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि जिन तिलहन संघ के सेवा युक्तों का संबिलियन हुआ है उन्हें शर्तों के अधीन वेतन दिया गया है सेवा युक्तों का आज दिनांक तक वेतन निर्धारण कर संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा से अनुमोदन प्राप्त कर अनुमोदित वेतन निर्धारण अनुसार जारी किये जा चुके हैं।

### श्रीमद् भागवत कथा 22 मार्च से प्रारंभ



**केवलारी।** नर्मदा पैलेस उगली रोड केवलारी में मोक्ष दायिनी श्रीमद् भागवत कथा का षुभारंभ 22 मार्च को हुआ। जिसमें पं.श्री वीरेन्द्र कुमार षास्त्री जी सिहोरा वाले के मुखारबिंद से अमृतपान रस ग्रहण कर भक्तजन पुण्य अर्जित कर रहे हैं। कथा के प्रथम दिवस में देवपूजन कर कथा प्रारंभ हुई जिसमें आगे के दिवस में गीता वचन के साथ-साथ परिक्षित श्राप बोकड़ कथा, सृश्टि सृजन, श्रीकृश्ण जन्म अवतार, बाल लीला, गोबरधन पूजा, रूकमणि मंगल, सुदामा चरित्र एवं 29 मार्च को विसर्जन, भंडारा, गीता वचन, पूर्ण आहूति होगी। आयोजक-डॉ. स्वरूप चंद बघेल ने सभी भक्तजनों से श्रीमद् भागवत में पधारकर अपने जीवन को कृतार्थ करने की अपील की है।

## हिंदू नव वर्ष एवं रामनवमी पर्व को लेकर बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



आगामी हिंदू नव वर्ष एवं रामनवमी पर्व के आयोजन को लेकर शिव शक्ति मंदिर में मंदिर समिति एवं महिला मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित किया गया।बैठक में तय किया गया कि 30 मार्च को हिंदू नव वर्ष पूरे हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रूप से धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। हिंदू नव वर्ष के दिन प्रातः 6 बजे शिव शक्ति मंदिर राजपूत कॉलोनी से रामधुन के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभात फेरी में महिलाओं के लिए पीली/ भगवा साड़ी एवं इसी तरह पुरुषों के लिए कुर्ता पजामा ड्रेस कोड तय किया गया है। प्रभात फेरी का समापन पूजा एवं महा आरती के साथ होगा। अपने अपने घरों में भगवा पताका लगाने के लिए परिवारों से आवाहन किया जाएगा। नव वर्ष क्यों और कैसे मनाना है का संदेश घर-घर संपर्क कर दिया जावेगा। 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन भगवान श्री राम का जन्मोत्सव का आयोजन ठीक दोपहर 12 बजे भजन, पूजन एवं हवन आरती के साथ होगा । इन सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं और कॉलोनी वासियों से सहयोग की अपील की गई है।

### सेना में भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज सिवनी। भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर के 15 जिले क्रमशः सिवनी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, कटनी, उमरिया, शहडोल, जबलपुर, मऊगंज, मंडला, अनूपपुर, डिंडोरी, बालाघाट और मैहर के लिए सेना भर्ती के लिए अधिसूचना 12 मार्च को जारी की गई।जिसमें शारीरिक चिकित्सा और शैक्षिक मानकों के निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले पुरुष एवं महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार 10 अप्रैल 2025 तक भारतीय सेना की बेवसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण अग्निवीर और नियमित कैडर की सभी श्रेणियों जैसे धार्मिक, शिक्षक, नर्सिंग, सहायक नर्सिंग, सहायक पशु चिकित्सा, सिपाही फार्मा और हवलदार सर्वेयर ऑटोमेटेड कार्टोग्राफर के लिए होगा।

### व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2024-25 अंतर्गत दिनांक 21 मार्च 2025 को विषय विज्ञान की परीक्षा जिले के 84 परीक्षा केन्द्रों में एवं हायर सेकेण्डरी विषय एनएसक्यूएफ की परीक्षा जिले के 32 परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। हाईस्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा में दर्ज 18114 विद्यार्थियों में से 17662 उपस्थित तथा 462 अनुपस्थित पाये गये। इसी तरह हायरसेकेण्डरी की विषय एनएसक्यूएफ परीक्षा में दर्ज 1868 विद्यार्थियों में 1848 उपस्थित तथा 20 अनुपस्थित पाये गये। वहीं नकल प्रकरण निरंक रहा।

जिला स्तर पर परीक्षा के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर उड़न दस्ता दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई।

### जिला न्यायालय परिसर में विधि के छात्रों के लिए हुआ शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज सिवनी। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में शुक्रवार 21 मार्च 2025 को डी.पी. चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी के विधि छात्रों हेतु जिला न्यायालय परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री रवि नायक द्वारा विधि छात्रों को जिला प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री राजेश कुमार सक्सेना द्वारा नालसा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के साथ ही विधि महाविद्यालय में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के संबंध में आवश्यक जानाकरी दी गई साथ ही नुक्कड़ नाटक इत्यादि के माध्यम से आम जनता को जागरूक किए जाने हेतु विधि छात्रों को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में प्रोफेसर डी.पी. विधि महाविद्यालय सिवनी श्रीमती अन्नापूर्णा मिश्रा, एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत खमरिया के गुदरई में गहराया जल संकट, पानी के लिये मचा हाहाकार

**जिले के जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया के ग्राम गुदरई में गर्मी की शुरूवात से लोग पीने के पानी के लिए परेशान होने लगे है। आलम यह है कि गांव में संचालित होने वाली नल जल योजना बंद पड़ी है योजना के संचालन के लिए कराये गये दो की दो बोर बंद हो गये है और एक अकेला साहारा ग्राम के बीचों बीच स्थित सार्वजनिक कुआ भी दुर्दशा का शिकार है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।





ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत खमरिया के ग्राम गुंदरई में पेयजल समस्या हर वर्ष बनते रही है, ग्राम में नल-जल योजना संचालित करने के लिए दो बोरबेल कराये गये है, जिनके माध्यम से लोगों के घरों तक नलों से पेयजल की सप्लाई की जाती थी लेकिन विगत कई दिनों से दोनों के दोनों बोर बंद हो गये है जिसके चलते नल-जल योजना ठप्प हो गयी है और गांव में पेयजल के लिए हां-हां कार मचा हुआ है। ग्रामीणों द्वारा ग्राम में स्थित एक मात्र सार्वजनिक कुएं से अपनी प्यास बुझाने का प्रयास किया जा रहा है तो कई ग्रामीण मीलों चलकर खेतों में स्थित कुएं एवं अन्य साधनों से पानी लाने के लिए मजबूर हो रहे है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम गुंदरई के बीचों बीच गांव में पेयजल व्यवस्था बनाने के लिए लगभग 25 से 30 वर्ष पूर्व सार्वजनिक कुएं का निर्माण कार्य कराया गया था, जिसके माध्यम से गांव में पेयजल की पूर्ति होती थी। इसके बाद गांव में नल-जल योजना के तहत बोरबेल कराये गये और घरों तक पाईप लाईन बिछाकर नल कनेक्शन दिये गये और नलों के माध्यम से घरों तक पानी पहुंचाया जाने लगा। नलों से पेयजल सप्लाई होने के बाद से सार्वजनिक कुआ उपेक्षा का शिकार हो गया और लगातार उपेक्षा के चलते कुआ अपने ही अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है।

ग्रामीणों द्वारा ग्राम में एक ही पेयजल का वैकल्पि साधन सार्वजनिक कुआ होने और उसकी मर मत कराये जाने की मांग पूर्व सरपंच एवं तत्कालीन सचिव से की गई लेकिन उनके द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया और वर्तमान सरपंच-सचिव से भी उक्त कुएं के जीर्णोद्धार की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई लेकिन वे भी कुएं के जीर्णोद्धार के मामले में मौन ही रहे। आज नज-जल योजना के ठप्प होने के बाद गांव की प्यास गांव के बीचों बीच स्थित उक्त जीर्णशीर्ण हो चुका कुआ ही बुझा रहा है।

ग्रामीणों की माने तो उपेक्षा के चलते सार्वजनिक कुएं की मुंडेर क्षतिग्रस्त हो चुकी है और गांव के बीचों-बीच उक्त कुएं के स्थित होने के चलते क्षतिग्रस्त मुंडेर के कारण असामायिक दुर्घटना की आशंका हमेशा ही बनी रहती है। क्योकि पानी भरने के लिए बच्चे से लेकर बूढ़े तक कुएं में पहुंच रहे है और जरा सी लापरवाही होने पर क्षतिग्रस्त मुंडेर वाले कुएं में कोई भी व्यक्ति काल के गाल में समा सकता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से ग्राम की नज-जल योजना को पुनः सुचारू रूप से संचालित कराने एवं सार्वजनिक कुएं की मर मत कराये जाने की मांग की है।

## डिजिटल पेमेंट का ट्रेंड बढ़ने से चिल्हर की समस्या का समाधान, ग्राहकों और दुकानदारों को मिल रही राहत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले और शहर में डिजिटल पेमेंट के बढ़ते ट्रेंड ने न केवल लेन-देन को आसान बनाया है, बल्कि छोटे दुकानदारों और ग्राहकों की चिल्लर और छुट्टे पैसे की समस्या का भी समाधान कर दिया है। अब सब्‍-फल के ठेले से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल्स तक, दुकानदार और ग्राहक क्यूआर कोड पर लेन-देन कर रहे हैं, जिससे नकद पैसे का झंझट खत्म हो गया है। साथ ही एक-दो रूपए के सिक्कों के चिल्हर की समस्या का समाधान हो गया है।

**छोटे सिक्के बाजार में नहीं होने से हो रही थी समस्या**

दुकानों पर अक्सर ग्राहकों को छोटे सिक्कों को चलाने में दिक्कत हो रही है। क्योंकि जिले में अघोषित रूप से एक-दो रुपए के सिक्के चलना बंद हो गए हैं। जिससे एक-दो रुपए के सिक्के बाजार से गायब हो गए थे, जिससे छोटी दुकानों पर यह समस्या बहुत बढ़ गई थी। लेकिन अब डिजिटल पेमेंट के बढ़ते चलन ने इस समस्या का हल निकाल लिया है। ग्राहक अब अपने फोन से यूपीआई एप जैसे गूगल पे, फोन पे, पेटीएम आदि के जरिए छोटे-बड़े सभी भुगतान आसानी से कर रहे हैं, जिससे चिल्लर की समस्या को पीछे छोड़ दिया है।

**डटल पेमेंट से छोटी उधारी कम होने लगी**

छोटे दुकानदारों को भी इस बदलाव का बहुत फायदा हुआ है। किराना व्यापारी अजय रोहड़ा ने बताया कि डिजिटल पेमेंट से उधारी में कमी आई है और चिल्लर का झंझट भी खत्म हो गया है। डिजिटल पेमेंट से पैसे सीधे उनके खाते में पहुंच जाते हैं, जिससे उनके कारोबार में पारदर्शिता बढ़ी है और उन्हें हर माह बचत करने का मौका मिला है। पहले वे जो पैसे दुकान में खर्च कर देते थे, अब वह सीधे बैंक अकाउंट में जमा हो जाते हैं, जिससे हर माह 10 से 15 हजार रुपए की बचत हो रही है। यह सुविधा खासकर छोटे दुकानदारों के लिए वरदान साबित हुई है, जिनके पास नकद रूप में सीमित पैसा होता था। अब वे बिना पैसे गिनने की चिंता के अपने ग्राहकों से डिजिटल रूप से भुगतान ले पा रहे हैं और इससे उनके व्यवसाय में भी स्थिरता आई है।

**ऑनलाइन का प्रभाव रिचार्ज और टिकट बुकिंग पर भी पड़ा** डिजिटल पेमेंट का प्रभाव बस, ट्रेन और हवाई टिकट बुकिंग जैसे कारोबार पर भी पड़ा है। टिकट एजेंट और ऑनलाइन मनी ट्रांसफर करने वाले व्यवसायी ने बताया कि अब 90 प्रतिशत कारोबार डिजिटल पेमेंट से हो रहा है। बस, ट्रेन और हवाई टिकटों की बुकिंग ऑनलाइन होने के साथ-साथ यात्री सफर के दौरान भी डिजिटल भुगतान करते हैं। इससे सफर में कैश रखने की जरूरत नहीं रही और एटीएम से पैसे निकालने की चिंता भी खत्म हो गई। इसके अलावा, रेल टिकट के लिए काउंटर पर लाइन में लगने की भी अब आवश्यकता नहीं रही। यात्रियों को टिकट के साथ-साथ ऑनलाइन पेमेंट करने की सुविधा मिल रही है, जिससे पैसे भूलने या पॉकेट मारी होने के डर से भी छुटकारा मिल रहा है। डिजिटल पेमेंट ने यात्रा को और भी सुगम और सुरक्षित बना दिया है।

**समय की बचत और बैंकिंग सिस्टम पर दबाव कम**

डिजिटल पेमेंट के बढ़ते चलन से एक और सकारात्मक प्रभाव यह हुआ है कि एटीएम काउंटरों पर भीड़ कम हुई है और बैंकों में भी दबाव कम हो गया है। पहले जहां लोग पैसे निकालने के लिए घंटों लाइन में खड़े रहते थे, अब वे डिजिटल पेमेंट के माध्यम से अपना काम निपटा रहे हैं। इससे न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि बैंकों में ग्राहकों की लंबी कतारें भी कम हो गई हैं।

**युवाओं के बीच डिजिटल पेमेंट की लोकप्रियता**

विशेषकर युवाओं में डिजिटल पेमेंट का प्रचलन अधिक देखा जा रहा है। अधिकांश युवाओं के पास स्मार्टफोन होते हैं और वे इसमें फोन पे, गूगल पे, पेटीएम आदि एप्स का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## आईपीएल क्रिकेट सीजन के साथ सट्टेबाजी का खेल तेज सटोरिए हुए हाईटेक; सिवनी पुलिस की पैनी नजर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में आज से टी20 क्रिकेट का धमाकेदार सीजन शुरू हो चुका है, लेकिन इस अवसर पर क्रिकेट के सटोरियों की गतिविधियां भी बढ़ गई हैं। जैसे ही मैचों का रोमांच बढ़ा, सट्टेबाजों ने अपनी रणनीतियों को सक्रिय कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, शहर के बाहर अलग-अलग फॉर्म हाउस में ठिकाना।पुराने सभी नंबर बंद कर दिए गए हैं।होटल में दूसरे के नाम से रूम बुक किए गए हैं।बड़े बुकी पहले ही शहर छोडक़र बाहर चले गए हैं। कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है, और कई अवैध तरीके से सट्टा लगाया जा रहा है। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने इस पर कड़ी नजर रखना शुरू कर दिया है और सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। अधिकारियों का कहना है कि वे सट्टेबाजों को पकडने और खेल की निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाएंगे। आज से शुरू हो रहा है आईपीएल होगा। आईपीएल शुरू होने से पहले ही सट्टे खाई वाल सक्रिय हो गए हैं। सट्टा खिलाने वाले शहर के बड़े बुकियों के एजेंट्स ने जिले के आउटर इलाके में अपना ठीहा जमा लिया है। दरअसल, पुलिस की नजर से बचने के लिए बुकी हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, गोवा, कोलकाता सहित नागपुर और शहर के अन्य रिसोर्ट में अड्डा जमाकर बैठे हुए हैं।

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू डूडा सिवनी थाना के पास ग्राम छिड़िया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8871779192

## पुलिस थाना हट्टा की गौवंश तस्करों के विरूद्ध बडी कार्यवाही

# आरोपी महाराष्ट्र ले जा रहे थे 43 गोवंश, 9 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) द्वारा गौ वंश तश्करी के मामलों को गंभीरता से लेकर गौवंश तस्करी करने वाले आरोपीगणों के विरूद्ध कडी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने पर अति. पुलिस अधीक्षक बैहर के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी लांजी ओमप्रकाश (भा.पु.से.) मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी हट्टा उनि अविनाश राठौर द्वारा कार्यवाही करते हुये दिनांक 21.03.25 व दिनांक 22.03.25 की दरम्यानी रात में मुखबिर सूचना के आधार पर थाना हट्टा पुलिस द्वारा मोहगांव खुर्द चौक हट्टा से गोकशी के लिये महाराष्ट्र ले जा रहे 43 नग बैल (गोंवंश) को बरामद कर गौवंश को हांक कर ले जा रहे ,थाना रूपझर निवासी 06 आरोपीगणों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा आरोपीगणों द्वारा पूछताछ में बताया है उक्त गौवंश थाना किरनापुर निवासी 03 गौ तस्करों के है जिन्होने दिनांक 21.23.25 को मलाझखण्ड पहाडी पर हमें कुल 43 मवेशी गौवंश दिये थे तथा कहा था कि इन पूरे मवेशियों (गौवंश) को जंगल व गांव के रास्ते रात्रि में छुपाते हुये ग्राम चंगेरा जिला गोंदिया महाराष्ट्र लेकर जाना है गिरफ्ताशुदा 06 आरोपीगणणों के बताये अनुसार ग्राम कटंगी थाना किरनापुर निवासी 03 गौ तस्करों को भी हट्टा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर थाना हट्टा में अप.क्र. अप.क्र.- 47/25 धारा 4,6,9 म.प्र. गौवंश वथ प्रतिषेध अधिनियम 2004, धारा 11 पशु कुरता निवारध अधिनियम 1960, धारा 6(क), 7, 10 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधि. का पंजीवद्ध कर विवेंचना मे लिया गया है। गिरफ्ताशुदा आरोपीगणों को आज माननीय न्यायाल बालाघाट में पेश किया गया है।

थाना प्रभारी अविनाश सिंह राठौड़ के मुताबिक, रूपझर थाना क्षेत्र के किनारदा के मेहतलाल, मुन्नालाल उर्फ कारी, अजय, घनश्याम, राजेश और उमेश को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग किरनापुर थाना क्षेत्र के कटंगी के तीन अन्य तस्करों- शेख महफूज, अजहरूद्दीन और साहिद रजा से मलाजखंड पहाड़ी पर मिले थे। आरोपी गोवंश को जंगल और गांव के रास्ते से छिपाकर रात में महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के चंगेरा ले जा रहे थे।

# विधायक भगत ने अवैध रेत भण्डारण एवं स्वीकृत रेत खदानों का मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाउ भगत ने वर्तमान समय चल रहे विधानसभा सत्र में क्षेत्र से जुडे अनेक मुदद्रो का उठाकर सदन का ध्यान केन्द्रीत करने का प्रयास किया है इसी के अंतर्गत उन्होने ऑनलाईन क्रं. 2580 के अंतर्गत खनिज मंत्री से पूछा कि विगत 3 वर्ष में खनिज विभाग के द्वारा अवैध खनन को रोकने क्या प्रयास किए गए, क्या अवैध उत्खखन को लेकर उनके द्वारा कलेक्टर एवं राजस्व विभाग को सूचना दी गयी जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत भण्डारण द्वारा क्या कार्यवाही की गयी इत्यादि मुदद्रो को उन्होने सदन में उठाया है।

जिसका जवाब देते हुए खनिज मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गत 3 वर्षो में खनिज रेत के अवैध उत्खनन परिवहन भण्डारण पर रेत माफियों के खिलाफ की गयी कार्यवाही की पंजीबध्द प्रकरणो के दस्तावेज सहित सम्पूर्ण जानकारी पुस्तकालय में रखी है परिषिष्ठ अ अनुसार है। अवैध उत्खखन परिवहन भण्डारण के पंजीबध्द प्रकरणो का निराकरण न्यायालय कलेक्टर बालाघाट द्वारा किया जाता है राजस्व विभाग को सूचना देने का कोई प्रावधान नहीं है। अवैध भण्डारण एवं प्रकरणो में की गयी कार्यवाही की जानकारी पुस्तकालय में परिशिष्ठ ब अनुसार उपलब्ध है। जिले में कुछ स्वीकृत 65 रेत खदानो में से 36 रेत खदानो को एसडीएम और तहसीलदार के माध्यम से किए गए सीमांकन प्रतिवेदन मय पंचनामा के जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ठ अ अनुसार है वर्तमान में जिले में स्वीकृत रेत खदानो में एमडीओ के साथ अनुबंध की कार्यवाही प्रक्रिया धीन है, अनुबंध के पश्चात शेष सभी खदानो का कब्जा देने के पूर्व पक्के मुनारे स्थापित/ सुधार मय फोटोग्राफ के किए जाएंगे, जिले में खनिज रेत के कुल 5 भण्डारण अनुज्ञापित म.प्र. रेत नियम 2019 म.प्र. राजपत्र भोपाल दिनांक 08/04/2022 के नियम 14 17 के प्रावधान एवं म.प्र. राजपत्र भोपाल दिनांक 26/05/2023 के नियम 18 के उपनियम 6 के प्रावधान के तहत स्वीकृत किए गए क्षेत्र का स्थान वार नक्शा वार, खसरा वार एवं साईनबोर्ड की फोटो सहित जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट द में उपलब्ध है जिसे अवलोकन कर संपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# एड्स मरीजों के लिए बालाघाट एआरटी सेंटर की नई पहल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के एआरटी सेंटर में एड्स मरीजों के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। नवनियुक्त नोडल अधिकारी डॉ. सुषमा गोयल के नेतृत्व में सेंटर के सभी कर्मचारी अब मरीजों की काउंसलिंग करेंगे।

जिले में वर्तमान में 930 एक्टिव एड्स मरीज हैं। अधिकांश मरीज माइंस और ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। डॉ. गोयल के अनुसार, नियमित दवा सेवन से मरीजों का वायरल लोड कम किया जा सकता है।

शनिवार को सेंटर में एक विशेष काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया। इसमें काउंसलर नितेश मेश्राम ने डाटा ऑपरेटर, मैनेजर, फार्मासिस्ट, मेडिकल ऑफिसर मीनल नगपुरे और अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया।

डॉ. गोयल ने बताया कि मरीजों को हर स्तर पर मिलने वाली काउंसलिंग से उपचार के प्रति उनकी रुचि बढ़ेगी। इससे बीमारी पर बेहतर नियंत्रण संभव होगा। उन्होंने यह भी बताया कि नियमित दवा सेवन से मरीजों में संक्रमित बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है।

जिले में एड्स का प्रसार मुख्य रूप से प्रवासी श्रमिकों के कारण होता है। ये लोग काम की तलाश में अन्य स्थानों पर जाते हैं और वापस लौटने पर कभी-कभी संक्रमण साथ लाते हैं। एआरटी सेंटर की यह नई पहल इस स्थिति से निपटने में मददगार साबित होगी।

## वारासिवनी में विद्युत विभाग के अफसरों की निशानदेही पर कार्यवाही

# कबाड़ी की दुकान से लगभग 2 क्विंटल बिजली के तार जप्त

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



पुलिस ने शुक्रवार की सुबह विद्युत विभाग के अफसरों की निशानदेही पर नगर के एक कबाड़ी की दुकान पर छापामार कार्यवाही कर बड़ी मात्रा में बिजली के एल्यूमिनियम तार जप्त किए है। बताया जा रहा है कि यह तार बिजली के खंभों से चोरी कर कबाड़ में बेच दिये गये थे।

**कोचेवाही से चोरी हुए थे एल्यूमिनियम कंडक्टर:** दरअसल ग्राम कोचेवाही से कुछ माह पूर्व बड़ी मात्रा में एल्यूमिनियम कंडक्टर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिये गये थे। जिसके बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। लेकिन समुचित जांच के अभाव शासकीय सामग्री की चोरी से जुड़े इस मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। वहीं महंगे एल्यूमिनियम कंडक्टर चोरी होने से विभाग के अफसर बेहद चिंतित थे और शनिवार को विद्युत विभाग के सहायक अभियंता वारासिवनी राहुल तुरकर व सहायक अभियंता कटंगी राजीव रंजन की संयुक्त टीम की निशानदेही पर वारासिवनी पुलिस द्वारा कबाड़ी की दुकान पर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया गया है।

**चोरी का माल खरीद कर करते हुए लाखों की कमाई:** गौरतलब है कि नियमित जांच पड़ताल के अभाव में कबाड़ी की दुकानों में इस तरह की शासकीय सामग्रियों की खरीदी बिक्री धड़ल्ले से की जाती हैं। यही वजह है कि इस काम में लगे आरोपियों को चोरी का माल खपाने में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती है और वे लगातार इसी तरह बिजली विभाग के सामानों की चोरी कर उसे कबाड़ी के यहां बेच देते है और लाखों रुपए की कमाई कर रहे है।

**वारासिवनी क्षेत्र में चोर फिर सक्रिय:** वारासिवनी थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से एक बार फिर अज्ञात चोर सक्रिय हो गए हैं। घरों, दुकानों में चोरी की घटनाओं के बीच कुछ शातिर चोर बिजली के खंभों में लगे तार भी चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिनकी शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा वारासिवनी पुलिस थाने में की गई थी। महीनों से लंबित चल रहे चोरी के इस मामले में विद्युत विभाग की मदद से पुलिस को यह अहम कड़ी मिली है। ऐसे में अगर पुलिस इस मामले की सूक्ष्मता से जांच करती हैं, तो इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जा सकता है।

### इनका कहना है

पिछले कुछ महीनों से मंडल के विद्युत खंबों व अन्य स्थानों पर लगे हुए विद्युत तार व कंडक्टर चोरी हो रहे थे। हमारे द्वारा इस संबंध में 2 रिपोर्ट पुलिस थाना वारासिवनी में दर्ज करवाई गई हैं। वहीं हम स्वयं चोरों की तलाश में थे। हमें जानकारी मिलने पर शनिवार को वारासिवनी के वार्ड नम्बर 13 के कबाड़ी वाले की दुकान पर छापामार कार्यवाही की गई, तो वहॉ से लगभग 2 क्विंटल कंडक्टर बरामद हुए है। जो खंबों से चोरी किए गए थे। जिसकी सूचना पुलिस थाने में भी दी गई हैं।

**राजीव रंजन, सहायक अभियंता कटंगी**

# भटेरा ओवरब्रिज के लिए प्रशासन ने शुरू किया सर्वे



### बालाघाट में 204 भवन और दुकानों का मूल्यांकन जारी, 4-5 महीने में पूरा होगा काम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में 1313 मीटर लंबे भटेरा ओवरब्रिज के निर्माण के लिए प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार से चिह्नित 204 भवन और दुकानों का मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है।

पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम ने पहले दिन सेंटमेरी स्कूल से भटेरा रेलवे क्रॉसिंग तक का सर्वे किया। सोमवार को भटेरा रेलवे क्रॉसिंग से रानी अवंतीबाई चौक तक के क्षेत्र का मूल्यांकन किया जाएगा।

प्रशासन ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का निर्णय लिया है। मूल्यांकन के दौरान भवन या दुकान मालिक की मौजूदगी में फोटोग्राफी की जाएगी। इससे बाद में मुआवजे को लेकर किसी विवाद की स्थिति नहीं बनेगी।

प्रशासन ने इस पूरी प्रक्रिया के लिए 4-5 महीने का समय निर्धारित किया है। इस दौरान मूल्यांकन, अधिसूचना प्रकाशन, दावे-आपत्ति और मुआवजा वितरण का काम पूरा किया जाएगा। इसके बाद जमीन खाली कराकर ब्रिज का निर्माण शुरू होगा।

## अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ योजना अन्तर्गत चल रहे ''अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का समापन शनिवार को किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. पल्लवी जाटव ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण से रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। वहीं सेड मैप बालाघाट के जिला समन्वयक श्री सुनील कुमार ढ़ोके ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के आत्म विश्वास में वृद्धि करने और अपनी बात को लोगों के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने की कला विकसित करने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर प्रशिक्षक श्री हेमन्त मुदलियार ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में 41 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया एवं विद्यार्थियों ने अपनी पूर्ण सहभागिता दी।

## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में मनाया गया विश्व वानिकी दिवस

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा गोद ग्राम भटेरा में विश्व वानिकी दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती विनीता फुल झेले एसडीओ वन विभाग तथा श्री धनेंद्र बिसेन रेंजर वन विभाग उपस्थित रहें। इस अवसर पर एसडीओ श्रीमती फूलझेले ने वनों एवं वनों के बाहर के पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और वनों को संरक्षित करने के संबंध में बताया।

# विधायक भगत के प्रयास से चांगोटोला एवं आसपास क्षेत्रो में विद्युत व्यवस्था बहाल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने चांगोटोला और आसपास के गांव में अघोषित विधुत कटौती के मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया उन्होने बिजली मंत्री का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया जिसमें किसानो की कृषि कार्यो में कठिनाई और बच्चो की पढाई में असर पड रहा था उन्होने बताया कि उनके क्षेत्र के लगभग 150 गांव में जो आदिवासी बाहुल्य है 24 घंटे में सिर्फ 8 घंटे बिजली मिलती है इस पर उन्होने बिजली विभाग की तत्परता को लेकर सवाल उठाए और कहा कि यदि विभाग बिल संग्रहण की तरह बिजली बहाली में भी उतनी तत्परता दिखाएं तो समस्या का समाधान हो सकता है।

विधायक भगत ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली का वास्तविक स्थिति जानने के लिए अधिकारीयो को इन क्षेत्र में जाना चाहिए क्योंकि सरकार के दावे वास्तविकता से मेल नही खाते, उर्जा मंत्री प्रधुम्मन तोमर ने इस मुदद्रे को गंभीरता से लिया और जिला कलेक्टर तथा संबंधित विभागो से चर्चा कि जिसका परिणाम यह हुआ कि चांगाटोला और आसपास के गांव में अघोषित कटौती में अंकुश लगा और बिजली बहाली मे 'सुधार हुआ।

इसके अलावा विधायक भगत ने यह भी जिक्र किया कि देश में 2003 के मुकाबले अब बिजली की मांग में 22 सालो में बढोतरी हुई है और सरकार को इस हिसाब से बिजली बहाली की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होने विशेष रूप से किसानो की बिजली आपूर्ति में सुधार की आवश्यकता को महसूस कराया ताकि किसानो को सिंचाई कार्य के लिए समय पर बिजली मिल सके साथ ही स्कूल के छात्र-छात्राओ को अघौषित विधुत कठौती से पढाई कार्य में जो अवरूध्द आता है उससे छुंटकारा मिल सके। विधायक भगत ने अनूपूरक बजट की चर्चा में भाग लेते हुए मांग संख्या 12 पर बोलते हुए उपरोक्त समस्या की तरफ सदन का ध्यान केन्द्रीत कराया था।

## पंचायतों और जनसहयोग से बनी उजाड़बोपली पुलिया से हो रहे थे पाइप चोरी

# विधायक के बेहद करीबी, भाजपा नेता पर पाईप चोरी करवाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी-लालबर्रा मुख्य सड़क मार्ग पर उजाड़बोपली में ग्राम पंचायतों और जनता के सहयोग से बनी पाइप पुलिया से पाइप चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. शुक्रवार की शाम 5 बजे भाजपा नेता पूर्व जनपद सदस्य राजेश ठाकरे, सिंगोड़ी सरपंच चंपालाल गौतम और ग्रामीणों ने पाइप चोरी कर ले जाते 3 ट्रैक्टर और 1 जेसीबी मशीन को पकड़ा. जिसकी सूचना बकायदा एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे और थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया को दूरभाष पर दी गई. जिसके बाद काफी विलंब से पुलिस मौके पर पहुंची जिसने वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई करने की बजाए वीडियोग्राफी की और फिर एसडीएम ने शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर चर्चा कर शनिवार को कार्रवाई का भरोसा दिया. जिसके बाद शिकायतकर्ता जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पाइप को मौके पर ही उतरवाकर सभी वाहनों को छोड़ दिया. पुलिया से निकाले जा रहे पाइप भाजपा नेता पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मेष कुमार देशमुख के पुत्र वरूड़ देशमुख के द्वारा निकलवाए जा रहे थे. जिन्हें वह अपने खेतों में उपयोग के लिए लेकर गए है. बताया जा रहा है कि ग्रामीणों के वाहन पकड़ने से पहले ही एक बार पुलिया के 06 पाइप निकालकर मेष देशमुख के खेत में पहुंचाए गए इस बात पुष्टि वाहन चालकों ने भी की है. वाहन चालकों ने बताया कि वह दूसरी बार पाइप लेने के लिए आए थे. पाइप चोरी के मामले में जब वरूड़ देशमुख का पक्ष जानने के लिए उनसे दूरभाष पर संपर्क किया तो उन्होंने सवाल सुनकर फोन काट दिया. वरूड़ देशमुख कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी के बेहद करीबी है उन्हें विधायक का राइट हैड और सलाहकार माना जाता है।

### यह है पूरा मामला

पाइप चोरी के मामले में प्रशासनिक स्तर पर क्या कार्रवाई हुई की गई यह जानने के लिए जब एसडीएम से संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया. ज्ञात रहे कि शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे जब राजेश ठाकरे अपनी धर्मपत्नी जनपद सदस्य इन्द्रकला ठाकरे के साथ कटंगी से अपने घर उजाड़बोपली की तरफ जा रहे थे तो उन्होंने उजाड़बोपली में चंदन नदी पर पंचायतों के सहयोग से बने पाईप पुलिया से जेसीबी को पाइप निकालते हुए देखा इन पाइपों को तीन अलग-अलग ट्रेक्टरों से भरकर ले जाने की तैयारी की जा चुकी थी. राजेश ठाकरे ने ट्रेक्टर पर पाइप देखकर तत्काल अपनी बाइक को ट्रैक्टर के सामने अड़ा दिया और जेसीबी और ट्रैक्टर चालक से पूछताछ शुरू की. जिसमें चालकों ने बताया कि यह पाइप वरूड देशमुख के कहने पर निकाले जा रहे है जो उनके खेत में लगाए जा रहे है 6 पाइप लेकर जा चुके है. इस दौरान यहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और सभी ने इस चोरी का जमकर विरोध किया और वाहनों पर कार्रवाई की मांग की. राजेश ठाकरे ने दूरभाष पर एसडीएम को पाइप चोरी किए जाने की सूचना दी. इस दौरान वरूड़ देशमुख कई बार राजेश ठाकरे से दूरभाष पर बातचीत करते हुए सुनाई दिए. वह शायद इस पूरे मामले को समाप्त करने की गुजारिश कर रहे थे. लेकिन ग्रामीणों की मौजूदगी ने मामले को तब दबने नहीं दिया और पुलिस को मौके पर आना पड़ा. मगर, शनिवार को कोई कार्रवाई नहीं हुई।




### अधिकारियों ने क्यों नहीं की वाहनों की जब्ती

इस पूरे मामले में प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम और थाना प्रभारी की भूमिका पर सवाल उठ रहे है. दरअसल, जब ग्रामीणों ने वाहनों को चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ा और अधिकारियों को सूचना दी गई तो सबसे पहले चोरी में संलिप्त सभी वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई करनी थी लेकिन ऐसा ना करते हुए वाहनों की वीड़यिोग्राफी कर छोड़ दिया गया. ऐसा क्यों किया गया यह एक बड़ा सवाल है. वरूड़ देशमुख विधायक के बेहद करीबी है और उन पर पाईप चोरी करवाने का आरोप है. ग्रामीणों के द्वारा वाहनों को पाइप चोरी करते हुए पकड़ा गया. बाजवूद इसके वाहनों को छोड़ दिया गया. यह सब बातें साफ तौर पर इस बात की ओर इशारा कर रही है कि विधायक के दबाव में अधिकारी वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है. अगर, यहीं अपराध साधारण व्यक्ति या विपक्षी पार्टी का कोई भी नेता कर रहा होता तो शायद अब तक प्रशासनिक अधिकारी कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपा रहे होते. खैर, विधायक को भी इस बात की चिंता करनी चाहिए कि उनके साथ सीधे जुड़े हुए लोग चोरी करवा रहे है. विधायक बेशक अपने प्रभाव से चोरी करने वाले को बचा भी ले लेकिन वह किस मुंह से जनता को यह बता पाएंगे की वह एक ईमानदारी विधायक है और उनके संरक्षण में रहने वाले लोग कोई गलत काम नहीं कर रहे है।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अपात्र परिवार का किया जाएगा सर्वे

**बालाघाट।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत जिले में अपात्र परिवार भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन का लाभ प्राप्त कर रहें है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अनुविभागीय स्तर पर दल गठित कर ऐसे अपात्र परिवारों को विलोपित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसमे सभी एसडीएम निर्धारित करेंगे ऐसे बीपीएल परिवार जो पात्रता की श्रेणी के अंतर्गत नहीं आते है, किंतु उन्हे पूर्व से बीपीएल कार्ड जारी है। वहीं शासकीय सेवा में कार्यरत राज्य एवं केन्द्र शासन एवं उनके उपक्रम अंतर्गत सभी अधिकारी/कर्मचारी जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ ले रहे है। (केवल चतुर्थ श्रेणी को छोड़कर जो आयकर दाता ना हो)। साथ ही शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त राज्य एवं केन्द्र शासन एवं उनके उपक्रम अंतर्गत सभी अधिकारी/कर्मचारी जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ ले रहे है। (केवल चतुर्थ श्रेणी को छोड़कर जो आयकर दाता ना हो)। कलेक्टर श्री मीना ने शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित कर अपात्र परिवारों की सूची विलोपित करने के लिए खाद्य विभाग को भेजना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

# कलेक्टर श्री मीना में राजस्व कार्यो के लिए की राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक

**बालाघाट।** सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण आवश्यक है। अन्यथा राज्य स्तर से भी ऐसे मामलो में कार्रवाई हो सकती है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने राजस्व अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन पर लंबित शिकायतों को अतिसंवेदनशीलता के साथ कार्य करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि राजस्व के कार्य ऐसे है जो सीधे नागरिकों के विकास से जुड़े मामलें होते है। चाहे अविवादित सीमांकन हो या बंटवारे या सड़क दुर्घटनाओ में क्षतिपूर्ति की राशि हो या भू-अर्जन या प्राकृतिक आपदा के प्रकरण हो। राजस्व अधिकारी को प्राथमिकता से निराकरण करना चाहिए। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शनिवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों के सम्बंध में ये निर्देश दिए है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खमरिया, जप लालबर्रा**

//बाजार नीलामी सूचना// दिनांक 21/03/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय ग्राम पंचायत खमरिया अंतर्गत बैठकी एवं मवेशी बाजार की नीलामी वर्ष 2025- 2026 ( 1 अप्रैल 25 से 31 मार्च 2026 तक ) 1 वर्ष के लिए पंचायती राज अधिनियम ( फीस संग्रहण का पट्टा ) 1995 नियम एवं नीलामी शर्तो के अध्ययन रहते हुए निलामी किया जाना हैं, साप्ताहिक बैठकी बाजार निलामी की अमानत राशि 15546=00 जमा कर बोली लगा सकेंगे। बकायादार को प्रत्यक्ष, अपत्यक्ष रूप से बोली लगाने का अधिकार नही रहेगा। साथ ही पंचायत के पदाधिकारियों को बोली लगाने का अधिकार नही रहेगा। यह निलामी दिनांक 28.03.2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से ग्राम पंचायत भवन कार्यालय में की जावेगी। यदि अपरिहार्य कारणों से निलामी न होने पर दूसरे दिन दिनांक 29.03.2025 को पुनः निलामी निर्धारित समय पर की जावेगी। भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के तहत स्टाम्प ड्यूटी(मुद्रांक शुल्क) निलामी की राशि पर देय होगा।

टिप - नीलामी कार्रवाई से संबंधित सभी नियम व शर्ते कार्यालय समय पर ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना बोर्ड में देखे जा सकते हैं।

ओमप्रकाश पटले, सचिव ग्रा. पं. खमरिया | योगराज पटले, उपसरपंच ग्रा. पं. खमरिया | श्रीमती ज्योति अनिल टेंभरे, सरपंच ग्रा. पं. खमरिया